
# २. रुचियाँ बढ़ाने वाले उपक्रम (अभिरुचिपूरक उपक्रम)

## १. कागज के खोखों/बक्सों से बचतपेटी बनाना












- ऊपर के चित्रों में दर्शाई गई बचतपेटी विद्‌यार्थी द्‌वारा बनाई गई है । विद्‌यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार कार्य करने दें । आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन करें । खोखे में पैसे डालने के लिए खाँच बना दें ।

## २. कागजों की तहे करके मास्क बनाना ।





### मेरी कृति


**बड़ों की सहायता से कपड़े का मास्क कैसे बनाया जाता है और उसका उपयोग करना क्यों आवश्यक है; यह समझ लो ।**

- ऊपर की कृति में साधारण-सा मास्क दिया गया है । मास्क किसे कहते हैं और उसके प्रकारों को संक्षेप में बताएँ । मास्क का उपयोग करने के लाभ समझा दें ।
- संभव हो तो विभिन्न प्रकार के मास्क के चित्र अथवा प्रत्यक्ष मास्क दिखाएँ ।









## ३. कागज की तहें बनाकर तितली बनाना ।

**करके देखो ।**

बगीचे में उड़ने वाली रंग–बिरंगी तितलियाँ सभी को भाती हैं । उन्हें छूने की इच्छा होती है । परंतु वे बहुत कोमल और नाजुक होती हैं । उन्हें पकड़ने पर उनके पंख टूट जाते हैं । इस रंगीन कागजों की तितलियाँ बनाएँगे ।

**इस प्रकार करो :**

१) समाचार पत्रों और पत्र–पत्रिकाओं में अनेक रंगीन कागज होते हैं । उन्हें एकत्रित करो ।

२) धागा, गोंद, स्केच पेन अपने पास तैयार रखो ।

३) जो रंगीन कागज तुमने एकत्रित किए हैं; उनमें से समान नापवाला एक आयत और एक चौकोन आकार का कागज काट लो ।

४) आकृति में दर्शाए अनुसार दोनों कागजों की पंखे की तरह तहें बनाओ । तहों को दबा रखो ।

५) दोनों तरह की तहों को बीच में दबाकर धागे से इकट्ठे बाँध दो ।

६) एक रंगीन मोटे कागज पर तितली के मध्य अंग की आकृति बनाओ और काट लो ।

७) इस आकृति को धागे से बाँधी हुई तहों के बीच हिस्से में चिपका दो ।

८) दोनों प्रकार की तहों को थोड़ा फैला दो । बन गई हमारी तितली ।

### मेरी कृति

कक्षा की सजावट के लिए रंगीन कागज प्राप्त करके छोटी–बड़ी तितलियाँ बनाओ ।

◆ आयत और चौकोन आकार काटने के लिए सहायता करें ।